an>

Title :Need to set up hospitals having full medical facilities for treatment of Chikungunya and Dengue in Shamli, Muzaffarnagar or Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री हुकुम सिंह (कैराना) ः विगत 2 महीनों के अंतराल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चिकुनगुनिया का भारी प्रकोप रहा। मेरे लोकसभा क्षेत्र कैराना में एक भी गांव या नगर ऐसा नहीं बचा जहां के नागरिक चिकनगुनिया के शिकार न रहे हों। कई परिवारों में तो समस्त सदस्य चिकनगुनिया से पीड़ित रहे और तीमारदारी के लिए कोई नहीं बचा। दुर्भाग्य से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक भी जनपद में एक भी चिकित्सालय या संस्थान में चिकनगुनिया या इस प्रकार की गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा नहीं है। विवश होकर लोगों को दिल्ली या चण्डीगढ़ जाना पड़ा, परंतु वहां पर भी उनको प्रवेश करने में अत्यधिक कठिनाई हुई। चिकित्सालय के अभाव में अनेकों लोग इस बीमारी के शिकार हो गये।

मेरा सरकार से आग्रह है कि चिकनगुनिया व डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु उच्च कोटि के चिकित्सालय अथवा संस्थान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शामली, मुजफ्फरनगर अथवा सहारनपुर में किसी भी स्थान पर स्थापित किया जाये।